Title: Regarding passing of Lok Pal Bill in the present Lok Sabha.

श्री सुरेश रामराव जाधव (परमनी) : सभापति महोदय, मैं लोकपाल विधेयक के बारे में सदन का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूं। अभी अविश्वास प्रस्ताव पर बहस के समय भी लोकपाल विधेयक की चर्चा हुई थी। सत्ता पक्ष ने भ्रटाचार रोकने के लिए लोकपाल विधेयक की बात कही थी। इसलिए भ्रटाचार को रोकने के लिए लोकपाल विधेयक पास होना चाहिए। लेकिन लगता है कि विपक्ष को इसकी कोई चिंता नहीं है। सत्ता पक्ष के लोग बहुत समय से मांग कर रहे हैं कि लोकपाल विधेयक पास होना चाहिए। जब तक लोकपाल विधेयक इस सदन से पास नहीं होगा, तब तक हम देश से भ्रटाचार को नहीं रोक पाएंगे। इसलिए मैं आग्रह करता हूं कि इस देश में भ्रटाचार रोकने के लिए लोक सभा में लोकपाल विधेयक को तुरंत पास करें।